>

Title: Request to give baisc facilities and life insurance to the journalist.

श्री मलूक नागर (बिजनौर): महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मैं देश के पत्रकारों के बारे में कुछ कहना चाहता हूँ । देश के पत्रकारों के बारे में सरकारें सोच नहीं रही हैं । सरकारी कर्मचारियों को सुविधाएँ मिलती हैं, विधायकों को सुविधाएँ मिलती हैं, हम सांसदों को सुविधाएँ मिलती हैं तो पत्रकारों के लिए भी सुविधाएँ होनी चाहिए । उनके बच्चों के एडमिशन के लिए सुविधा होनी चाहिए । अगर वे मकान खरीदें तो उसके लिए सुविधा होनी चाहिए और उनका इनश्योरेंस, क्योंकि वे ऐसे खतरनाक मोड़ पर कई बार पत्रकारिता करते हैं, ऐसी खबरें लिखते हैं, जिनमें उनकी जान को खतरा होता है । पत्रकारों का बीमा 25 लाख रुपये का कम से कम होना चाहिए । पत्रकारों के बारे में भी ऐसे ही ध्यान दिया जाना चाहिए, जैसे सरकारी कर्मचारी और जनप्रतिनियों के बारे में होता है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।